B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION
SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

PERIODIC TEST 1
HINDI 085

Class : IX SET 2
Date :10.06.2026 Duration : 1 Hrs
Max. Marks: 25
Admission No.: Roll No.:

सामान्यनिर्देशाः 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 4 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमाङ्क प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें और सख्ती से उनका पालन करें|

(खंड क अपठित बोध)

प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर उसे पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए (7)

पिछले पाँच वर्षों में हमारे गाँव में विकास की दिशा में कहीं महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं ।एक समय था जब गाँव में बिजली अनियमित रूप से आती थी और रात के समय अंधेरा छा जाता था परंतु अब सौर ऊर्जा आधारित बिजली परियोजना के कारण हर घर रोशन हो चुका है। वर्ष 2020 में गांव के कुछ शिक्षित युवाओं ने मिलकर एक पुस्तकालय की स्थापना की। यह पुस्तकालय न केवल विद्यार्थियों के लिए ज्ञान का स्रोत बना बल्कि बड़ों ने भी अध्ययन में रुचि दिखानी शुरू की। 2021 में शुरू किए गए सफाई अभियान के बाद गांव की सूरत बदल गई ।पहले गंदगी और कीचड़ की समस्या आम थी लेकिन अब गांव स्वच्छता में पुरस्कार जीत चुका है। 2022 में बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ने लोगों को शहर जाने की परेशानी से मुक्ति दिलाई। वहीं वर्ष 2023 में तालाब का पुनरुद्धार कर उसमें मछली पालन शुरू किया गया। जिससे कई परिवारों को रोजगार मिला। इन 5 वर्षों में गांव की सड़के पक्की की गई। प्राथमिक विद्यालय का विस्तार हुआ और महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण केंद्र भी खोले गए ।यह सब मिलकर गांव के आत्मनिर्भर बनने की कहानी कहते हैं। विकास की इन सतत पहलों ने ग्रामवासियों में आत्मविश्वास और आशा का संचार किया है।

क) निम्नलिखित कथन A और कारण R पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प चुनिए ।

कथन (A)गांव में रोजगार के नए अवसर पैदा हुए कारण(R)गांव के तालाब का पुनरुद्धार कर उसमें मछली पालन की शुरुआत की गई।

1 कथन सही है लेकिन कारण गलत है

2 कथन और कारण दोनों सही है

3 कथन गलत है और कारण सही है।

4 कथन और कारण दोनों गलत है

ख गांव की किस पहल को ज्ञान का स्रोत बताया गया है और यह किस वर्ष हुई?

1 प्राथमिक विद्यालय का विस्तार 2023

2 पुस्तकालय की स्थापना 2020

3 सिलाई प्रशिक्षण केंद्र 2021

4 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 2022

ग गद्यांश के आधार पर सही निष्कर्ष चुनिए

1गांव में बिजली की व्यवस्था केवल शहर से आने वाले सप्लाई पर निर्भर है

2 महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता बढ़ाने की पहल की गई l

3 गांव में विकास केवल सरकारी योजनाओं से संभव हुआ

4 सफाई अभियान का गांव की प्रगति पर कोई असर नहीं पड़ा l

क केवल 1

ख केवल 2

ग 3 और 4

घ 1,2 और 3

घ) गांव में 2020 में किस नई पहल की शुरुआत की गई और उसका क्या प्रभाव पड़ा?

ड) पाँच वर्षों में गांव में महिलाओं के लिए कौन सी सुविधा शुरू की गई?

(खंड ख व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न 2 निर्देशानुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(7)**

1) व्यक्तिवाचक संज्ञा की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए-

2) जातिवाचक संज्ञा के दो उदाहरण लिखिए-

3) सर्वनाम को किस किस स्थान पर प्रयुक्त किया जाता है

4) शब्द और पद में अंतर स्पष्ट कीजिए-

5) कृष्ण के दो पुत्र थे एक सुपुत्र था दूसरा बदनाम था उपसर्ग छांटकर कर लिखिए-

6)पर्वतीय क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति बहुत अलग होती है प्रत्यय शब्द छठ कर लिखिए-

7) मोहन भी आज आ रहा है मैं ने पांच शब्द चैट कर लिखिए-

(खंड ग प्रश्नोत्तर)

3)निम्न प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए- **(6)**

1) किसी व्यक्ति की पोशाक को देखकर हमें क्या पता चलता है?

2) उस स्त्री के लड़के की मृत्यु का कारण क्या था?

3) भगवाना अपने परिवार का निर्वाह कैसे करता था?

(खंड घ रचना लेखन)

4 निम्न संकेत बिंदुओं के आधार पर 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। **(5)**

भारत की बदलती तस्वीर

संकेत बिंदु

- प्राचीन भारत
- विशेषताएं
- कमियां
- बदलता स्वरूप